Citizen केयर FOUNDATION
अटूट विश्वास, Citizen Care के साथ....

LifeLine आयुर्वेदा Clinic

Date.:- 12/06/2016

Citizen Care Foundation स्टडी एंड रिसर्च ऑन अल्टरनेटिव मेडिसीन की स्थापना करने की योजना है। 1970 के दशक में घातक रसायनिक दवाओं के विरोध में जन्में जन आन्दोलनों से प्रेरणा पाकर सी0 सी0 एस0 आर0 ए0 एम0 की स्थापना की योजना बनाई गई है। Citizen Care Foundation का उद्देश्य प्राकृतिक एवं वैकल्पिक उचार पद्वतियों को आगे बढ़ाना है। Citizen Care Foundation भारत में प्रखंड और पंचायत स्तर पर आयुर्वेदिक प्राकृतिक चिकित्सा योग पद्वतियों के प्रसार में कार्यरत है। हमारा मानना है कि कोई भी चिकित्सा पद्वति अपने में सम्पूर्ण नहीं है। सभी पद्वतियों एक दूसरे की पूरक है। हमारा लक्ष्य आम जनता को घात दवाइयों के दुष्परिणामों से बचाना है। हमारी योजना है कि पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन करना।

हमारी विचारधाराएँ:-

- आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्वतियों को आगे बढ़ाते हुए घातक रसायनिक दवाओं के दुष्परिणामों के प्रति आम जनता को जागरूक करना।
- आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रणालियों के क्षेत्र में अघ्ययन, शोध व साहित्य का प्रकाशन करना।
- आम बीमारियों के इलाज के लिए प्राकृतिक जड़ी-बूटियों से बनी औषधियों को विकसित करना।
- मानसिक और शारीरिक समस्याओं के लिए आयुर्वेद पंचकर्म पद्वति कोसरल बनाना।
- भारतवर्ष में जन जागरण के द्वारा इस बात का प्रचार कराना कि अपने डॉक्टर स्वयं बने और आयुर्वेद विनन व तकनीक को आप समझकर जीवन व्यतीत करें।

हमारा मानना है कि समाज के विकास में स्वास्थ्य को मुख्यधारा से जोड़ा जाए। लोगों का स्वास्थ्य बेहतर रहेगा तभी हमारे समाज का विकास हो पायेगा। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु हम पंचायत वार्ड स्तर पर स्वास्थ्य शिविर की स्थापना कर रहे हैं ताकि इन सुविधाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाया जा सके। हमारी योजना बिहार को पहला राज्य बनाना है जहॉ स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जाए। इस उद्देश्य की पूर्ति में राजनीतिक इच्छाशक्ति और मीडिया की भागीदारी से गुणात्मक बदलाव आ सकता है। अभी बिहार में स्वास्थ्य पर प्रति व्यक्ति खर्च 211 रू0 है और राष्ट्रीय औसत 400 रू0 है।

प्रजातात्रिक सरकार द्वारा जो कार्य किए जाते हैं वह जन कल्याण की भावना एवं लोकहित में किए जाते हैं। लेकिन पब्लिक फंड का दुरूपयोग और मनमाने तरीकों से खर्च किए जाने का मामला प्राय: देखने और सुनने को मिलता है। इसलिए प्रत्येक जागरूक नागरिक को यह कर्तव्य बनता है कि अपने क्षेत्र में ही रहे सरकारी कार्यो के विकास कार्यो में हर स्तर पर पारदर्शिता बनती जाए।

हमारे Citizen Care Foundation द्वारा यह एक्शन प्लान इसलिए बनाया गया है ताकि हम गॉव-गॉव तक निबंधित कार्यकताओं के माघ्यम से स्वस्थ ग्राम एवं स्वस्थ समाज का निर्माण कर सके। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए Citizen Care Foundation के माघ्यम से अपनी सोच को सर्वे, सदस्यता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अभियान के द्वारा लोगों तक पहुँचा रहा हूँ। हमें पूर्ण विश्वास है और इसी विश्वास के साथ मैं आशा करता हूँ कि आपका सहयोग और दिशा-निर्देश मिले और हम सभी समाज कल्याण के प्रति प्रोत्साहित हो।

Citizen Care Foundation

Fonder Chairman

स्वस्थ ग्राम का निर्माण
जीवन सुरक्षा योजन के साथ...